CIVIL SERVICES (MAIN) EXAM-2022

**CRNA–S–MTH**

# गणित (प्रश्न-पत्र–II)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िये)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिये गये हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिये, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू॰ सी॰ ए॰) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिये। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गये उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिये, तथा उनको निर्दिष्ट कीजिये।

जब तक उल्लिखित न हो, संकेत तथा शब्दावली प्रचलित मानक अर्थों में प्रयुक्त हैं।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जायेगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जायेगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिये।

---

# MATHEMATICS (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.

Unless and otherwise indicated, symbols and notations carry their usual standard meanings.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

1\. *(a)* दर्शाइये कि गुणनात्मक समूह $G = \{1, -1, i, -i\}$, जहाँ $i = \sqrt{(-1)}$ है, समूह $G' = (\{0, 1, 2, 3\}, +_4)$ के तुल्याकारी है।

Show that the multiplicative group $G = \{1, -1, i, -i\}$, where $i = \sqrt{(-1)}$, is isomorphic to the group $G' = (\{0, 1, 2, 3\}, +_4)$. 10

*(b)* यदि $f(z) = u + iv$, $z$ का एक विश्लेषिक फलन है, तथा $u - v = \dfrac{\cos x + \sin x - e^{-y}}{2\cos x - e^{y} - e^{-y}}$ है, तब शर्त $f\left(\dfrac{\pi}{2}\right) = 0$ के अधीन $f(z)$ का मान ज्ञात कीजिये।

If $f(z) = u + iv$ is an analytic function of $z$, and $u - v = \dfrac{\cos x + \sin x - e^{-y}}{2\cos x - e^{y} - e^{-y}}$, then find $f(z)$ subject to the condition $f\left(\dfrac{\pi}{2}\right) = 0$. 10

*(c)* $\int_0^\infty \dfrac{\cos x}{1 + x^2}\, dx$ के अभिसरण का परीक्षण कीजिये।

Test the convergence of $\int_0^\infty \dfrac{\cos x}{1 + x^2}\, dx$. 10

*(d)* $f(z) = \dfrac{1}{(z-1)^2 (z-3)}$ का क्षेत्रों *(i)* $0 < |z-1| < 2$ एवं *(ii)* $0 < |z-3| < 2$ के लिये वैध लौराँ श्रेणी में विस्तार कीजिये।

Expand $f(z) = \dfrac{1}{(z-1)^2 (z-3)}$ in a Laurent series valid for the regions *(i)* $0 < |z-1| < 2$ and *(ii)* $0 < |z-3| < 2$. 10

*(e)* निम्नलिखित रैखिक प्रोग्रामन समस्या को हल करने के लिये द्विचरण विधि का उपयोग कीजिये :

न्यूनतमीकरण कीजिये $Z = x_1 + x_2$

बशर्ते कि

$$2x_1 + x_2 \geq 4$$
$$x_1 + 7x_2 \geq 7$$
$$x_1,\ x_2 \geq 0$$

Use two-phase method to solve the following linear programming problem :

$$\text{Minimize } Z = x_1 + x_2$$
$$\text{subject to}$$
$$2x_1 + x_2 \geq 4$$
$$x_1 + 7x_2 \geq 7$$
$$x_1,\ x_2 \geq 0$$
10

**2.** *(a)* मान लीजिये कि $[0, k]$, $k > 0$ पर $f(x) = x^2$ है। दर्शाइये कि $f$ बंद अन्तराल $[0, k]$ पर रीमान समाकलनीय है तथा $\int_0^k f\,dx = \frac{k^3}{3}$ है।

Let $f(x) = x^2$ on $[0, k]$, $k > 0$. Show that $f$ is Riemann integrable on the closed interval $[0, k]$ and $\int_0^k f\,dx = \frac{k^3}{3}$. 15

*(b)* सिद्ध कीजिये कि एक समूह $G$ का प्रत्येक समाकारी प्रतिबिम्ब, $G$ के किसी विभाग समूह के तुल्याकारी है।

Prove that every homomorphic image of a group $G$ is isomorphic to some quotient group of $G$. 15

*(c)* $\int_{-\infty}^{\infty} \frac{\cos x\,dx}{(x^2 + a^2)(x^2 + b^2)}$, $a > b > 0$ के मान निकालने के लिये अवशेष-कलन का उपयोग कीजिये।

Apply the calculus of residues to evaluate $\int_{-\infty}^{\infty} \frac{\cos x\,dx}{(x^2 + a^2)(x^2 + b^2)}$, $a > b > 0$. 20

**3.** *(a)* $\int_C \frac{z+4}{z^2 + 2z + 5}\,dz$ का मान निकालिये, जहाँ $C$, $|z + 1 - i| = 2$ है।

Evaluate $\int_C \frac{z+4}{z^2 + 2z + 5}\,dz$, where $C$ is $|z + 1 - i| = 2$. 15

*(b)* $\frac{x^2}{a^4} + \frac{y^2}{b^4} + \frac{z^2}{c^4}$ के अधिकतम तथा न्यूनतम मान निकालिये, जब $lx + my + nz = 0$ तथा $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} + \frac{z^2}{c^2} = 1$ हैं। परिणाम की ज्यामितीय व्याख्या कीजिये।

Find the maximum and minimum values of $\frac{x^2}{a^4} + \frac{y^2}{b^4} + \frac{z^2}{c^4}$, when $lx + my + nz = 0$ and $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} + \frac{z^2}{c^2} = 1$. Interpret the result geometrically. 20

(c) निम्नलिखित रैखिक प्रोग्रामन समस्या को एकधा विधि द्वारा हल कीजिये। इसकी द्वैती समस्या लिखिये। दी गयी समस्या की इष्टतम सारणी से द्वैती समस्या का इष्टतम हल भी लिखिये :

अधिकतमीकरण कीजिये $Z = x_1 + x_2 + x_3$

बशर्ते कि

$$2x_1 + x_2 + x_3 \le 2$$
$$4x_1 + 2x_2 + x_3 \le 2$$
$$x_1,\ x_2,\ x_3 \ge 0$$

Solve the following linear programming problem by the simplex method. Write its dual. Also, write the optimal solution of the dual from the optimal table of the given problem :

Maximize $Z = x_1 + x_2 + x_3$

subject to

$$2x_1 + x_2 + x_3 \le 2$$
$$4x_1 + 2x_2 + x_3 \le 2$$
$$x_1,\ x_2,\ x_3 \ge 0$$ 15

**4.** (a) मान लीजिये कि $R$ वास्तविक संख्याओं का एक क्षेत्र है तथा $S$, उन सभी बहुपदों $f(x) \in R[x]$, जिनके लिये $f(0) = 0 = f(1)$ है, का क्षेत्र है। सिद्ध कीजिये कि $S$, $R[x]$ की एक गुणजावली है। क्या अवशेष वर्ग वलय $R[x]/S$ एक पूर्णांकीय प्रांत है? अपने उत्तर का स्पष्टीकरण दीजिये।

Let $R$ be a field of real numbers and $S$, the field of all those polynomials $f(x) \in R[x]$ such that $f(0) = 0 = f(1)$. Prove that $S$ is an ideal of $R[x]$. Is the residue class ring $R[x]/S$ an integral domain? Give justification for your answer. 15

(b) श्रेणी $x + \frac{2^2 x^2}{2!} + \frac{3^3 x^3}{3!} + \frac{4^4 x^4}{4!} + \frac{5^5 x^5}{5!} + \cdots\ (x > 0)$ के अभिसरण या अपसरण का परीक्षण कीजिये।

Test for convergence or divergence of the series

$$x + \frac{2^2 x^2}{2!} + \frac{3^3 x^3}{3!} + \frac{4^4 x^4}{4!} + \frac{5^5 x^5}{5!} + \cdots\ (x > 0)$$ 15

(c) वोगेल की सन्निकटन विधि से निम्नलिखित परिवहन समस्या का आरंभिक आधारी सुसंगत हल ज्ञात कीजिये। इस हल का उपयोग कर समस्या का इष्टतम हल एवं परिवहन लागत ज्ञात कीजिये :

| | | गन्तव्य | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | $A$ | $B$ | $C$ | $D$ | | |
| | $S_1$ | 21 | 16 | 25 | 13 | 11 | |
| उद्गम | $S_2$ | 17 | 18 | 14 | 23 | 13 | प्राप्यता |
| | $S_3$ | 32 | 27 | 18 | 41 | 19 | |
| | माँग | 6 | 10 | 12 | 15 | 43 | |

Find the initial basic feasible solution of the following transportation problem by Vogel's approximation method and use it to find the optimal solution and the transportation cost of the problem :

*Destination*

| | | A | B | C | D | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | $S_1$ | 21 | 16 | 25 | 13 | 11 | |
| *Source* | $S_2$ | 17 | 18 | 14 | 23 | 13 | *Availability* |
| | $S_3$ | 32 | 27 | 18 | 41 | 19 | |
| *Requirement* | | 6 | 10 | 12 | 15 | 43 | |

20

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** *(a)* दिया गया है कि शीर्ष $(a, b, c)$ वाले किसी शंकु का समीकरण $f\left(\frac{x-a}{z-c}, \frac{y-b}{z-c}\right)=0$ है। शंकु का अवकल समीकरण ज्ञात कीजिये।

It is given that the equation of any cone with vertex at $(a, b, c)$ is $f\left(\frac{x-a}{z-c}, \frac{y-b}{z-c}\right)=0$. Find the differential equation of the cone. 10

*(b)* गाउस विलोपन विधि द्वारा समीकरण निकाय

$$2x+2y+4z=18$$
$$x+3y+2z=13$$
$$3x+y+3z=14$$

को हल कीजिये।

Solve, by Gauss elimination method, the system of equations

$$2x+2y+4z=18$$
$$x+3y+2z=13$$
$$3x+y+3z=14$$

10

*(c)* *(i)* संख्या $(1093 \cdot 21875)_{10}$ को अष्टाधारी तथा संख्या $(1693 \cdot 0628)_{10}$ को षोडश-आधारी पद्धति में बदलिये।

*(ii)* बूलीय फलन $F(x, y, z)=xy+x'z$ को योपद (मैक्सटर्म) के गुणन के रूप में अभिव्यक्त कीजिये।

*(i)* Convert the number $(1093 \cdot 21875)_{10}$ into octal and the number $(1693 \cdot 0628)_{10}$ into hexadecimal systems.

*(ii)* Express the Boolean function $F(x, y, z)=xy+x'z$ in a product of maxterms form. 10

(d) एक कण, जो बल-केन्द्र से $r$ दूरी पर है, केन्द्रीय बल $F = -\frac{k}{r^2}$, जहाँ $k$ एक स्थिरांक है, के प्रभाव में गतिमान है। लग्रांजियन निकालिये तथा गति के समीकरणों को व्युत्पन्न कीजिये।

A particle at a distance $r$ from the centre of force moves under the influence of the central force $F = -\frac{k}{r^2}$, where $k$ is a constant. Obtain the Lagrangian and derive the equations of motion. 10

(e) किसी असंपीड्य तरल के गोलीय ध्रुवी निर्देशांकों $(r, \theta, \psi)$ में वेग-घटक $(2Mr^{-3}\cos\theta,\ Mr^{-2}\sin\theta,\ 0)$ हैं, जहाँ $M$ एक स्थिरांक है। दर्शाइये कि वेग, विभव प्रकार का है। वेग विभव तथा धारारेखाओं के समीकरण ज्ञात कीजिये।

The velocity components of an incompressible fluid in spherical polar coordinates $(r, \theta, \psi)$ are $(2Mr^{-3}\cos\theta,\ Mr^{-2}\sin\theta,\ 0)$, where $M$ is a constant. Show that the velocity is of the potential kind. Find the velocity potential and the equations of the streamlines. 10

6. (a) ऊष्मा समीकरण $\frac{\partial u}{\partial t} = \frac{\partial^2 u}{\partial x^2}$, $0 < x < l$, $t > 0$ का शर्तों

$$u(0, t) = u(l, t) = 0$$
$$u(x, 0) = x(l - x),\ 0 \le x \le l$$

से प्रतिबन्धित हल ज्ञात कीजिये।

Solve the heat equation $\frac{\partial u}{\partial t} = \frac{\partial^2 u}{\partial x^2}$, $0 < x < l$, $t > 0$ subject to the conditions

$$u(0, t) = u(l, t) = 0$$
$$u(x, 0) = x(l - x),\ 0 \le x \le l$$

20

(b) बूलीय फलन $f(x, y, z) = [x \cdot (\overline{y} + z)] + y$ का संगत संचयविन्यास परिपथ (कॉम्बिनेटोरियल सर्किट) ज्ञात कीजिये तथा परिपथ के लिये निवेश/निर्गत (इनपुट/आउटपुट) सारणी लिखिये।

Find a combinatorial circuit corresponding to the Boolean function

$$f(x, y, z) = [x \cdot (\overline{y} + z)] + y$$

and write the input/output table for the circuit. 15

(c) एक लम्ब वृत्तीय ठोस शंकु का उसकी संहति $M$, ऊँचाई $h$ तथा आधार की त्रिज्या $a$ के रूप में उसकी एक तिर्यक् रेखा (जनक रेखा) के सापेक्ष जड़त्व-आघूर्ण ज्ञात कीजिये।

Find the moment of inertia of a right circular solid cone about one of its slant sides (generator) in terms of its mass $M$, height $h$ and the radius of base as $a$. 15

**7.** *(a)* आंशिक अवकल समीकरण

$$(D^2 + DD' - 6D'^2)\, z = x^2 \sin(x+y)$$

जहाँ $D \equiv \dfrac{\partial}{\partial x}$ तथा $D' \equiv \dfrac{\partial}{\partial y}$, का व्यापक हल ज्ञात कीजिये।

Find the general solution of the partial differential equation

$$(D^2 + DD' - 6D'^2)\, z = x^2 \sin(x+y)$$

where $D \equiv \dfrac{\partial}{\partial x}$ and $D' \equiv \dfrac{\partial}{\partial y}$. 15

*(b)* एक रेलगाड़ी, जो कि विश्राम से चलना प्रारंभ करती है, का वेग निम्नलिखित सारणी द्वारा दिया गया है। प्रस्थान से समय की गणना मिनट में तथा वेग की कि० मी०/घण्टा में की गयी है :

| $t$ (मिनट) | 2 | 4 | 6 | 8 | 10 | 12 | 14 | 16 | 18 | 20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| $v$ (कि० मी०/घण्टा) | 16 | 28·8 | 40 | 46·4 | 51·2 | 32 | 17·6 | 8 | 3·2 | 0 |

सिम्पसन के $\frac{1}{3}$ नियम का उपयोग करके 20 मिनट में तय की गयी कुल दूरी (लगभग) का आकलन कि० मी० में कीजिये।

The velocity of a train which starts from rest is given by the following table, the time being reckoned in minutes from the start and the velocity in km/hour :

| $t$ (minutes) | 2 | 4 | 6 | 8 | 10 | 12 | 14 | 16 | 18 | 20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| $v$ (km/hour) | 16 | 28·8 | 40 | 46·4 | 51·2 | 32 | 17·6 | 8 | 3·2 | 0 |

Using Simpson's $\frac{1}{3}$rd rule, estimate approximately in km the total distance run in 20 minutes. 15

*(c)* दो बिन्दु भ्रमिल, जहाँ प्रत्येक का सामर्थ्य $k$ है, $(\pm a, 0)$ पर स्थित हैं तथा $-\dfrac{k}{2}$ सामर्थ्य का एक बिन्दु भ्रमिल, मूलबिन्दु पर स्थित है। दर्शाइये कि तरल गति अचल है तथा धारारेखाओं के समीकरण भी ज्ञात कीजिये। यदि धारारेखाएँ, जो कि प्रगतिरोध बिन्दुओं (स्टैगनेशन पॉइन्ट) से गुजरती हैं, $x$-अक्ष पर $(\pm b, 0)$ पर मिलती हैं, तब दर्शाइये कि $3\sqrt{3}(b^2 - a^2)^2 = 16a^3 b$.

Two point vortices each of strength $k$ are situated at $(\pm a, 0)$ and a point vortex of strength $-\dfrac{k}{2}$ is situated at the origin. Show that the fluid motion is stationary and also find the equations of streamlines. If the streamlines, which pass through the stagnation points, meet the $x$-axis at $(\pm b, 0)$, then show that $3\sqrt{3}(b^2 - a^2)^2 = 16a^3 b$. 20

**8.** *(a)* निम्नलिखित आंशिक अवकल समीकरण

$$yu_{xx} + (x+y)u_{xy} + xu_{yy} = 0$$

को विहित रूप में समानीत कीजिये और अतएव इसको हल कीजिये।

Reduce the following partial differential equation to a canonical form and hence solve it :

$$yu_{xx} + (x+y)u_{xy} + xu_{yy} = 0$$ 15

*(b)* चतुर्थ कोटि की रुन्गे-कुट्टा विधि का उपयोग करके अवकल समीकरण $\frac{dy}{dx} = x + y^2$, जबकि $y(0) = 1$ है, को $x = 0 \cdot 2$ पर हल कीजिये। परिकलन में दशमलव के चार स्थानों तक तथा पग लम्बाई (स्टेप लेंथ) $0 \cdot 1$ का उपयोग कीजिये।

Using Runge-Kutta method of fourth order, solve the differential equation $\frac{dy}{dx} = x + y^2$ with $y(0) = 1$, at $x = 0 \cdot 2$. Use four decimal places for calculation and step length $0 \cdot 1$. 15

*(c)* सत्यापित कीजिये कि एक वृत्ताकार बेलन के इर्द-गिर्द एक तरल के अपरिवर्ती प्रवाह का सम्मिश्र विभव $w = ik \log \{(z - ia) / (z + ia)\}$ है, जहाँ समतल $y = 0$ एक दृढ़ सीमा है। बेलन की एकक लम्बाई (यूनिट लेंथ) पर तरल द्वारा लगाये गये बल को भी ज्ञात कीजिये।

Verify that $w = ik \log \{(z - ia) / (z + ia)\}$ is the complex potential of a steady flow of fluid about a circular cylinder, where the plane $y = 0$ is a rigid boundary. Find also the force exerted by the fluid on unit length of the cylinder. 20

★ ★ ★